RNI No.-MPHIN/2001/14172

जाग उठा हमारा आजाद हिन्दुस्तान

AZAD हिन्दुस्तान LIVE

वर्ष-23 अंक-21 इन्दौर/खरगोन/बड़वाह - 23 मई से 30 मई 2023 सम्पादक : नवरत्नमल जैन Email.azadindore@gmail.com पेज-4 वार्षिक मूल्य- 150 रु.

बड़वाह में लघुकुंभ का शुभारंभ आज , 30 मई का पूर्णाहूती

बड़वाह में आज भव्य कलशयात्रा एवं शाही पेशवाई के साथ प्रारंभ होगा विष्णु महायज्ञ अमृत महोत्सव

रोजाना नर्मदा जी की भव्य आरती के साथ देश के प्रख्यात कलाकार करेंगे अपनी कला का प्रदर्शन एवम होगी रामकथा।

बड़वाह-नवरत्नमल जैन

नर्मदा मैया के उत्तर तट पर स्थित बड़वाह शहर की तपोभूमि पर सुन्दरधाम तपोवन में परमपूज्य 1008 श्री महामंडलेश्वर बाबा बालकदास जी महाराज के परम पावन सानिध्य एवम पूज्य नारायण दास जी महाराज के मार्गदर्शन एवम संयोजन में दिनांक 24 मई से 30 मई तक होने वाले 75 वे श्री विष्णु महायज्ञ अमृत महोत्सव की तैयारिया अब अंतिम चरण में चल रही है। पिछले कई दशकों बाद निमाड़ की पावन भूमि पर विष्णुयज्ञ का इतना बडा महाआयोजन पहली बार हो रहा है। जिसमे देश भर के लगभग 1100 ख्याति प्राप्त, महायोगी, तपस्वी साधु-संत भागीदारी करेंगे। इस महा आयोजन में देश भर से लाखों श्रद्धालु भक्तजन भी भाग लेंगे वही देश के सुविख्यात कलाकार प्रतिदिन अपनी कला का प्रदर्शन कर कार्यक्रम की शोभा बढाएंगे।

आज निकलेगी 1100 संतो की उपस्थिति में शाही पेशवाई एवम कलश यात्रा

विष्णु महायज्ञ अमृत महोत्सव आयोजन का शुभारंभ 24 मई को सुबह 8 बजे गोपाल मंदिर से 1100 महिलाओं की भव्य कलश यात्रा,हजारों साधुसंतो की शाही पेशवाई के साथ होगा। कलशयात्रा एवम शाही पेशवाई श्री गोपाल मंदिर से नागेश्वर मार्ग, एमजीरोड,मुख्य चौराहा होते हुए शासकीय महाविद्यालय पहुंचेगी। इस कलश यात्रा में देश भर से आये सुप्रसिद्ध पांच बेंड, हाथी,घोडे,एवं कलाकार उपस्थित रहेंगे। जगह जगह विभिन्न सामाजिक,धार्मिक संगठनों द्वारा शाही पेशवाई का स्वागत किया जाएगा।

नर्मदा जी की महाआरती ,राम कथा एवं होगा भंडारा।

विष्णु महायज्ञ अमृत महोत्सव में सुन्दरधाम आश्रम के नजदीक कल- कल बहती मां नर्मदा के किनारे बने विशाल मंच पर मा नर्मदा,भगवान विष्णु की प्रतिमा विराजमान होगी जहां रोजाना शाम को हजारों लोगों की उपस्थिति में देश के महान तपस्वी संतो द्वारा महाआरती का आयोजन होगा। इसके बाद राम कथा, एवम भजन संध्या का विशाल आयोजन होगा।

विश्वशांति के लिए देश की आजादी के अमृत महोत्सव पर विष्णु महायज्ञ का आयोजन होगा -पूज्य महामंडलेश्वर बालक दास जी महाराज

जिनके परम पावन सानिध्य में इस विशाल विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है उन पूज्य 1008 श्री बालक दास जी महाराज ने बताया कि भारत की आजादी का अमृत महोत्सव के साथ ही विश्व शांति के लिए 75 वे विष्णु महायज्ञ का अमृत महोत्सव भी मनाया जा रहा है जिसमे क्षेत्र वासियों को देश भर के पूज्य संत महात्माओं के दर्शन के साथ ही देश के प्रसिद्ध कलाकारो की कला का प्रदर्शन भी देख पाएंगे। उन्हीने अपील की वे इस महाआयोजन में अधिकाधिक संख्या में पधार कर लाभ ले।

विष्णु महायज्ञ निमाड़ वासियों के लिए सबसे बड़ा अनूठा आध्यात्मिक आयोजन- श्री नारायण दास जी महाराज

इस महाआयोजन का सम्पूर्ण संयोजन एवम मार्गदर्शन कर रहे पूज्य नारायण दास जी महाराज ने आजाद हिंदुस्तान को बताया कि इस आयोजन में नगरवासियों को कुंभ की तरह हजारों महान सन्तों की पेशवाई के दर्शन करने का सौभाग्य मिलेगा। आयोजन में आशीर्वाद प्रदान करने के लिए परम पूज्य श्री मंगल पीठाधीश्वर श्री माधवाचार्य जी,जगद्गुरु रामानंदाचार्य मावली सरकार आदि महान संतो का सानिध्य मिलेगा। साथ ही वृंदावन से सुप्रसिद्ध कथावाचक श्री मदन मोहन जी महाराज राम कथा का वाचन करेगें ।

इस आयोजन में अलग -अलग दिन कलाकार चित्र विचित्र, अनामिका जी जयपुर,नरेश कुमार सेनी दिल्ली,सुरभि चतुर्वेदी जयपुर, पूज्य पूनम दीदी,एवम निमाड़ की शान श्री संजय महाजन आदि विश्व विख्यात कलाकारों की कला को भी देख पाएंगे। आपने बताया कि रोजाना नर्मदा जी महाआरती, राम कथा,प्रतिदिन 10 हजार लोगों का भंडारा, एवम अंतिम दिन 30मई को विभिन्न अनुष्ठानों के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी जिसमें 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालु भाग लेंगे। पूज्य गुरु महाराज ने सम्पूर्ण क्षेत्र वासियों को आयोजन में भाग लेने का आग्रह किया।

कुल मिलाकर देखा जाए तो यह आयोजन एक लघु कुम्भ की तरह आयोजित किया जा रहा है । तैयारियां देखकर लगता है कि इस आयोजन की गूंज बरसो तक बनी रहेगी।